हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 30 मई 2025



11 शहर में अवैध कनेक्शन पर वार, मेन लाइन में जोड़े 12...





12 साइबर ठगी की वारदात में प्रयोग हो रहा था खाता, खाताधारक...





CBSE बोर्ड, हरियाणा बोर्ड व अन्य किसी भी बोर्ड से फेल विद्यार्थी इसी वर्ष फेल विषयों की परीक्षा देकर साल बचाएं।

10th & 12th (NIOS) ओपन से पास करें।

D.R. GROUP OF INSTITUTIONS

महेन्द्रगढ़ नजदीक सतनाली चौक, नारनौल रोड़, महेन्द्रगढ़ Call us: 8059001617, 8059171616

कोसली बिजली बोर्ड के सामने, कोसली Call us: 9050676072

सभी कोर्स सरकारी यूनिवर्सिटी व बोर्ड से पास करें।

B.A., B.Com., B.Sc., M.A.,M.Sc. M.Com., Yoga Teacher, NTT, B.Ed., JBT, LLB, D. Pharmacy

- YOGA TEACHER TRAINING PROGRAMME
- CERTIFICATE IN AGRICULTURE AND ANIMAL HUSBANDRY
- CERTIFICATE IN COMPUTER APPLICATION
- CERTIFICATE IN EARLY CHILDHOOD CARE AND EDUCATION (NTT)
- CERTIFICATE IN BEAUTY CULTURE & HAIR CARE
- AYRVEDA AND YOGA
- DIPLOMA IN RADIOGRAPHY
- ELECTRICAL TECHNICIAN
- CERTIFICATE IN WELDING
- CERTIFICATE IN PANCHKARMA ASS.

पॉलिटेक्निक करें नौकरी पाएं

AIT KANINA PHARMACY COLLEGE

Approved by : AICTE & PCI, New Delhi

ADMISSION OPEN For Session 2025-26

DIPLOMA IN PHARMACY 2 YEARS COURSE

Eligibility : 10+2 Pass (Medical & Non-Medical)

सीटें सीमित

पता : AIT Pharmacy College गाहड़ा रोड, कनीना Mob. : 9992696300, 9466464921, 9467543958




# एफएसएल व पीएमआर रिपोर्ट में आएगा सच

## कथित चार फाइनेंसरों के दबाव में आकर चेलावास के कृष्ण कुमार ने निगल लिया था जहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कनीना

चेलावास निवासी एक 45 वर्षीय व्यक्ति कृष्ण कुमार के आत्म हत्या करने के मामले में पुलिस एफएसएल की विसरा रिपोर्ट व पीएमआर का इंतजार कर रही है। ये रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित पक्ष से रमेश महलावत, महेश व विकास ने बताया कि तथाकथित फाइनेंसरों के दबाव में आकर कृष्ण कुमार ने 27 मई को सुबह आत्म हत्या कर ली थी।

मृतक की जेब से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ था। मृतक की पत्नी माया देवी ने पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि उसके पति कृष्ण कुमार से गुढ़ा में रहने वाले नीतू, पवनवीर, योगेश वासी मेघनवास की ढाणी ने दबाव बनाकर 15 लाख रुपये ऐंठ लिए। इसके अलावा महेंद्रगढ़ के एयू कम्पनी के फाइनेंसर आशीष ने बैंक लोन चूकता करने के नाम पर दो लाख 10 हजार रुपये की तीन किस्ते वूसली। नीतू, पवनवीर व अन्य की ओर से उसका ट्रैक्टर उठवाने की धमकी दी जा रही थी। इस बारे में वे कृष्ण कुमार के घर भी गए थे, उन्हें भला बुरा कहकर आए थे। लोन क्लीयर करने के लिए 10 लाख रुपये मुहैया करवाने अन्यथा ट्रैक्टर उठाने का पूरा दबाव बनाया गया था। जिसे लेकर उसका पति हाइपर डिप्रेशन में था, जिसके चलते वह परेशान था और 26 मई को रातभर वह सोया भी नहीं। 27 मई को सुबह सवेरे उन्होंने जहर खा लिया। जिससे उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजनों ने उसे उप नागरिक अस्पताल में दाखिल कराया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उन्होंने नीतू, पवनवीर, योगेश व आशीष के खिलाफ नाजायज रूप से दबाव बनाने व लाखों रुपये पहले ऐंठने के बाद ट्रैक्टर उठाने की धमकी देने का आरोप लगाया। माया देवी की शिकायत व सुसाइड नोट के आधार पर पुलिस ने बीएसएन की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर लिया था। पीड़ित परिजन व ग्रामीण आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों से गुहार लगा रहे हैं।



- पीड़ित परिजन व ग्रामीण पुलिस अधिकारियों से मिलकर कर रहे न्याय की मांग

### क्या कहते है थाना इंचार्ज

*कनीना सिटी थाना इंचार्ज रविंद्र सिंह ने कहा कि मृतक कृष्ण कुमार की एफएसएल व पीएमआर रिपोर्ट नहीं मिली है। जिसकी शीघ्र ही उपलब्ध होने की संभावना है। रिपोर्ट मिलने के बाद आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। माया देवी की शिकायत पर चार व्यक्तियों के खिलाफ आत्म हत्या के लिए मजबूर करने का केस दर्ज किया जा चुका है।*

# महिला अधिवक्ता के आरोपों में नहीं मिली सच्चाई, पुलिस कार्रवाई में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

जिला न्यायालय में वकालत करने वाली अधिवक्ता के विरुद्ध महिला थाना पुलिस ने झूठा मुकदमा दर्ज करवाने के लिए 182 आईपीसी की कार्रवाई की है। गांव गहली वासी शिकायतकर्ता विक्रम सिंह ने अपने संस्थान में वीरवार प्रेसवार्ता कर बताया कि सूचना के अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त सूचना से पता चला है कि महिला अधिवक्ता पर झूठा मुकदमा दर्ज करवाने के अपराध के लिए पुलिस ने यह कार्रवाई की है।

मीडिया को विक्रम ने बताया कि अधिवक्ता ने उनके व साथी कृष्ण के विरुद्ध महिला थाना नारनौल में साल 2022 में मुकदमा दर्ज करवाया था। महिला ने आरोप लगाया था कि उसका सीनियर अधिवक्ता और वह विक्रम की अधिवक्ता रही है। विक्रम 2021 में उनके सीनियर अधिवक्ता के पास आया तथा कहने लगा कि उसकी लोकायुक्त चंडीगढ़ की तारीख है तो साथ चंडीगढ़ चलो। सीनियर अधिवक्ता ने जाने से मना कर दिया तो विक्रम व कृष्ण ने कहा कि हमारे साथ मैडम को भेज दो। इस पर भी सीनियर अधिवक्ता ने मना कर दिया।

अगस्त 2021 की एक रात को विक्रम व कृष्ण ने अपने फोन से महिला अधिवक्ता के फोन पर करीब 80 कॉल की तो उसने नहीं उठाई। आरोप लगाया गया कि जब महिला नहा रही थी तो उसकी मम्मी ने फोन उठाकर स्पीकर ऑन करके उसे बाथरूम में दे दिया। उसके मुंह पर साबुन लगा होने पर उसे पता नहीं चला कि यह वीडियो कॉल है तथा उसने फोन को वाशिंग मशीन पर रख दिया। उन दोनों ने वीडियो कॉल में उसकी नहाते हुए की फोटो खींच ली तथा उसे फोटो दिखाकर ब्लकमैल करने लगे।

### यूं बढ़ते चला गया जांच का दायरा

मीडिया से बातचीत करते हुए विक्रम ने बताया कि नारनौल पुलिस ने इसकी जांच प्रारम्भ की लेकिन अधिवक्ता की शिकायत पर इस मुकदमा की जांच एसपी पलवल को सौंप दी। एसपी पलवल ने डीएसपी पलवल की अध्यक्षता में एसएचओ साइबर क्राइम व महिला थाना एसएचओ की एसआईटी बनाई। उन्होंने जांच को आगे बढ़ाया। इसी बीच महिला अधिवक्ता ने माननीय हाईकोर्टमें जांच किसी अन्य एजेंसी को देने के लिए पिटिशन दायर की। एसके बाद महिला अधिवक्ता ने पलवल डीएसपी की शिकायत की, जिसके बाद एसपी पलवल ने एसआईटी से पलवल डीएसपी को हटाकर हथीन डीएसपी को इस एसआईटी का अध्यक्ष बना दिया। पुलिस ने जॉच में कॉल डिटेल आदि निकलवाई। गवाहों के बयान दर्ज किए। फोन व व्हाट्सएप की जांच फारेंसिक लैब से करवाई। पुलिस ने अपनी कलन्दरा रिपोर्ट में लिखा है कि महिला की ओर से लगाए गए आरोपों में कोई सच्चाई नहीं पाई गई है और ना ही किसी के द्वारा जाति सूचक शब्द कहना ब्यान हुआ है। इसलिए अभियोग में निरसन रिपोर्ट लिखीगई है, जो फरवरी 2025 को माननीय न्यायलय में दी जा चुकी है। जिसमें पुलिस का अनुंधान कार्रवाई में समय बर्बाद हुआ है। शिकायतकर्ता महिला के विरूद्ध कलंदरा धारा 182 आईपीसी तैयार किया जाकर विचारण के लिए प्रेषित है।

# एनसीसी अधिकारी बन दवा विक्रेता के साथ की ठगी, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

खुद को एनसीसी अधिकारी बताकर दवा विक्रेता को झांसे में लिया और 89 हजार रुपये की ठगी कर ली। दरअसल, दवा विक्रेता को एनसीसी कैडेटस को बॉर्डर पर भेजने के नाम पर उनके लिए दवाई उपलब्ध करवाने की डिमांड की थी। दवा विक्रेता को जब उसके साथ फ्रॉड होने का पता चला तो उसने इस बारे में साइबर थाना शिकायत दी है। शिकायत मिलने के बाद साइबर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर थाना में दी गई शिकायत में राजस्थान के बहरोड़ के गांव बालपुर निवासी कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि उसने फैजअलीपुर चौक पर सानवी मेडिकोज एवं हेल्थ केयर के नाम से दवाइयों की दुकान की हुई है। गत 15 मई को उसके पास फोन आया कि वह एनसीसी कैंप नारनौल से बोल रहा है। एनसीसी के 20 कैडेट्स पाकिस्तान बॉर्डर पर जाएंगे। उनके लिए दवाइयां लेनी हैं। जिनकी लिस्ट वे व्हाट्सअप पर भेज रहा है। जिनकी कोटेशन बनाकर उनको दे दे। बात होने के बाद उसने कोटेशन भेज दी। उसके बाद उसी दिन उसका फिर फोन आया। उसने कहा कि हमारे साहब ने आपकी कोटेशन मंजूर कर ली है। आपके पास साहब का फोन आएगा। उसके बाद आप दवाई भेज देना।

- दवा विक्रेता को एनसीसी कैडेटस को बॉर्डर पर भेजने के नाम पर दवाई उपलब्ध करवाने की डिमांड की थी

कुछ समय बाद दूसरे नंबर से फोन आया। जिसने कहा कि आपकी पेमेंट आज ही आपको फोन पे पर भेज देंगे। अगले दिन दवाइयां भेज देना। इस पर उसने अपना क्यूआर कोड पेमेंट के लिए उनके पास भेज दिया। उसने कहा कि इस पर 2000 से ज्यादा पेमेंट नहीं हो पा रही। दूसरा कोड भेज दे। उसने दोबारा से दूसरा कोड स्कैन करवाया, जो गूगल पे का था, वह एसबीआई के क्रेडिट कार्ड से लिंक था। आधे घंटे बाद उसने क्रेडिट कार्ड चेक किया तो उसे पता चला कि उसने अपने खाते में 89 हजार ट्रांसफर हो गए है।

# रेवाड़ी काठूवास के मध्य दोहरीकरण के चलते रेल सेवाएं रहेंगी प्रभावित

**नारनौल।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मंडल पर रेवाड़ी काठूवास दोहरीकरण परियोजना के अन्तर्गत कुण्ड काठूवास रेलखंड पर नौ जून को तकनीकी कार्य किया जाएगा। इस कार्य हेतु उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित रेलसेवाएं प्रभावित रहेगी। जिसमें प्रारम्भिक स्टेशन से गाड़ी संख्या 19618 रेवाड़ी मदार जं. रेलसेवा नौ जून को रद रहेगी। वही गाड़ी संख्या 14087 दिल्ली जैसलमेर रेलसेवा नौ जून को दिल्ली से प्रस्थान करेगी। वह अपने निर्धारित मार्ग रेवाड़ी रींगस फुलेरा के स्थान पर परिवर्तित मार्ग रेवाड़ी अलवर जयपुर फुलेरा होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा अलवर, बांदीकुई, गांधीनगर जयपुर व जयपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 12065 अजमेर दिल्ली सराय रेलसेवा नौ जून को अजमेर से प्रस्थान करेगी। वह अपने निर्धारित मार्ग फुलेरा रींगस रेवाड़ी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग फुलेरा जयपुर अलवर रेवाड़ी होकर संचालित होगी तथा परिवर्तित मार्ग में यह रेलसेवा जयपुर, गांधीनगर जयपुर, बांदीकुई व अलवर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इसके अलावा गाड़ी संख्या 19619 फुलेरा रेवाड़ी रेलसेवा नौ जून को फुलेरा से अपने निर्धारित समय से एक घंटे 30 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या 59632 रेवाड़ी हिसार रेलसेवा नौ जून को रेवाड़ी से अपने निर्धारित समय से एक घंटे 30 मिनट की देरी से प्रस्थान करेगी।


सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान निषेध है साथ ही यह दण्डनीय अपराध है

NO SMOKING
NO TOBACCO

31 मई

विश्व तम्बाकू निषेध दिवस

जनहित में जारी | हरिभूमि राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हरिभूमि द्वारा ''विश्व तम्बाकू निषेध दिवस'' (31 मई 2025) के अवसर पर बस स्टैंड, नारनौल पर प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक 'तम्बाकू निषेध हस्ताक्षर अभियान' का आयोजन किया जा रहा है। आप भी हस्ताक्षर करके इसका हिस्सा बनें और अपने संबंधियों व मित्रों को तम्बाकू उत्पादों को छोड़ने की शपथ दिलाएं।

सौजन्य से

RPS SR. SEC. SCHOOL, MAHENDERGARH Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh

THE VEDANTA INTERNATIONAL SCHOOL Shaping minds, building a better future 7th Mile Stone Narnaul-Mahendergarh Road, Narnaul

SHIV HIGH SCHOOL KAMANIA

विला शिक्षा निकेतन निजामपुर रोड, नजदीक मेघोत हाला नांगल चौधरी, जिला महेंद्रगढ़

VIJAY INTERNATIONAL SCHOOL Affiliated to CBSE | Affiliation No. 532167 SH-24, SATNALI ROAD, BALANA, MAHENDERGARH (HR)

HINDUSTAN PUBLIC SCHOOL KANINA ROAD, ATELI


# पीजी ब्वॉयज कॉलेज में डिजिटल मार्केटिंग कोर्स शुरू, 40 विद्यार्थी ले सकेंगे एडमिशन

- जिले के एकमात्र पीजी कॉलेज नारनौल में पहली बार शुरू किया गया है डिजिटल मार्केटिंग कोर्स, रोजगार के बढ़ेंगे अवसर

राजकुमार ⏭ नारनौल

उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय ने पीजी संकाय में डिजिटिल मार्केटिंग कोर्स स्वीकृत किया है। इसमें स्नातक के आर्ट, साइंस, कॉमर्स एवं अन्य विषयों के उत्तीर्ण विद्यार्थी एडमिशन ले सकेंगे। इसकी स्वीकृति मिलने से पीजी ब्वॉयज कॉलेज नारनौल जिले का एकमात्र कॉलेज बन गया है, जहां डिजिटल मार्केटिंग की पढ़ाई करवाई जाएगी। यह कोर्स शुरू होने से अब विद्यार्थी अपने घरद्वार के नजदीक ही शिक्षा ग्रहण करके अपना करियर संवार सकेंगे।

गौर हो कि कुछ समय पूर्व कॉलेज प्रशासन ने उच्चतर शिक्षा विभाग को महाविद्यालय में नए कोर्स शुरू करवाने के लिए डिमांड भेजी थी, जिसे नए सत्र प्रारंभ होने से पहले ही उच्चत्तर शिक्षा निदेशालय ने स्वीकृत कर लिया है।

पीजी कॉलेज में इसकी एक यूनिट चालू होगी, जिसमें 40 विद्यार्थी एडमिशन ले सकेंगे। यह कोर्स शुरू होने से अब विद्यार्थियों को यह कोर्स करने के लिए दूसरे जिले व राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा और न ही वहां भारी भरकम फीस चुकानी पड़ेगी। जबकि वर्तमान समय में डिजिटल मार्केटिंग की काफी डिमांड है। मीडिया सहित आधुनिक युग में डिजिटल मार्केटिंग का बड़ा प्लेटफार्म मौजूद है और नए उभरते युवक-युवतियां यह कोर्स करके अच्छी सेलेरी का पैकेज प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही महेंद्रगढ़ के राजकीय कॉलेज में एमएससी कैमेस्ट्री, अटेली के महिला महाविद्यालय में एमए अंग्रेजी का कोर्स भी शुरू किया जाएगा। हालांकि एमएससी कैमेस्ट्री व एमए अंग्रेजी विषय का कोर्स जिले के अन्य कॉलेजों में संचालित किए जा रहे हैं।



नारनौल। पीजी ब्वॉयज कॉलेज। फोटो : हरिभूमि

### डिजिटल मार्केटिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं



जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी एवं पीजी कॉलेज की कार्यकारी प्राचार्य डॉ. पूर्णप्रभा ने बताया कि पोस्ट ग्रेजुएशन डिप्लोमा इन डिजिटल मार्केटिंग नए कोर्स शुरू करने की मंजूरी दी है। यह जॉब ओरियेंटेड कोर्स है। इस कोर्स के लिए अब जिले के युवाओं को दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। वर्तमान समय में डिजिटल मार्केटिंग में रोजगार की अपार संभावनाएं है, जिसके लिए कॉलेज द्वारा उक्त कोर्स शुरू करने की डिमांड उच्चतर शिक्षा विभाग से की गई थी, ताकि विद्यार्थियों को जिले में ही सुविधा मिल सके।

### स्नातक उत्तीर्ण छात्र ले सकेंगे दाखिला

नए नियमानुसार इस कोर्स में यूजी यानि स्नातक किसी भी विषय में किया हुआ छात्र इस कोर्स में दाखिला ले सकेंगे। इस कोर्स में दाखिला लेने के लिए केवल स्नातक उत्तीर्ण होना ही काफी है।







एक समय तक पर्यावरण बहुत शुद्ध हुआ करता था। चारों ओर प्रकृति के हरे-भरे मनोरम दृश्य दिखते थे। हमें प्रदूषणरहित वातावरण में सांस के लिए शुद्ध वायु मिलती थी। आज सब उलट गया है, प्रदूषण के कारण प्रकृति ने अपनी रमणीयता खो दी है। सांस लेने के लिए शुद्ध वायु नहीं है, न ही नदियों में पीने के लिए शुद्ध जल। ऐसी खतरनाक स्थिति कैसे बनी? पर्यावरण को हम कैसे संरक्षित करें? पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण से जुड़ी बहुत ही जरूरी बातें।

# हमारा पर्यावरण
## क्या था, क्या हो गया
## कैसे हो संरक्षित



जागरुकता
देवेंद्र मेवाड़ी

बच्चो, हम सभी पर्यावरण की गोद में पल रहे हैं। तुम जानते हो, क्या है पर्यावरण? पर्यावरण का अर्थ है हमारे आस-पास, हमारे चारों ओर का परिवेश। हमारे चारों ओर मौजूद सभी जैविक-अजैविक, सजीव-निर्जीव तत्वों से मिलकर बनता है हमारा पर्यावरण। पेड़, पहाड़, धरती, हवा, नदी, ताल-तलैया, मिट्टी में मौजूद सूक्ष्म जीवों से लेकर कीट-पतंगे और जीव-जंतु... और भी बहुत कुछ हमारे पर्यावरण के अंतर्गत आते हैं। पर्यावरण हमारे जीवन का आधार है, इसलिए इसकी देखभाल, इसका संरक्षण करना जरूरी है, हमारा दायित्व है।

**पहले कुछ ऐसा था हमारा पर्यावरण:** लाखों वर्ष पहले हम मनुष्यों का अस्तित्व इस पृथ्वी पर प्रारंभ हुआ। उस वक्त हमारा पर्यावरण आज के पर्यावरण से एकदम अलग था। तब हमारे चारों ओर थे हरे-भरे वन, ऊंची पर्वत मालाएं, गहरी घाटियां, साफ-सुथरी हवा, कल-कल करती नदियां, झरने और दूर-दूर तक फैले चौरस मैदान। ऊपर नीला आकाश था और नीचे धरती पर सागर और सागर तटों से टकराती लहरें। सागरों में भी विविधताओं से भरी जीव-जंतुओं की दुनिया। ऋतुएं आती और जाती थीं- कभी वसंत और कभी ग्रीष्म, पावस, हेमंत, शरद और शीत ऋतु। इसी ऋतु चक्र में पक्षी चहचहाते, फूलों पर तितलियां मंडरातीं, आसमान में बादल उमड़ते और झमाझम बारिशें बरसतीं। सब कुछ प्राकृतिक, सुंदर, मनोरम।

**जरा याद करके बताओ:** अच्छा बच्चो, जरा याद करो कि पिछली बार कब सुनी थी तुमने किसी नदी की कल-कल, झरनों की झर-झर और हरे-भरे पेड़ों से आती हवा की सांय-सांय की आवाज? कब देखी थी तुमने फूलों पर मंडराती मनमोहक तितली, कब सुनी थी फूलों पर मंडराते भौंरों की गुनगुन, कब चहकी थी तुम्हारी मुंडेर पर गौरैया और कब पास की अमराई में कूकी थी कोयल? नहीं याद आ रहा न! अगर तुम शहर में रहते हो, तो तुम्हारे लिए इन प्रश्नों का उत्तर देना कठिन होगा।



**ऐसे बदला परिदृश्य:** बच्चो, अठारहवीं सदी में एक दिन कोयलों की आग से धधकता, धुआं उगलता, धड़धड़ाता भाप का इंजन आ धमका। उसके साथ ही दुनिया में औद्योगिक युग की शुरुआत हो गई। कोयला बनाने के लिए पेड़ कटने लगे। हरे-भरे वनों का सफाया शुरू हो गया। हरियाली सिमटने लगी, जीव-जंतुओं के घर उजड़ने लगे। धीरे-धीरे गांव और कस्बे शहरों में बदलने लगे। यहां पर सीमेंट-कंक्रीट की ऊंची-ऊंची इमारतें दिखाई देने लगीं। कल-कारखाने हवा में जहरीला धुआं उगलने लगे और नदियों में जहरीला कचरा पहुंचने लगा। जहरीले कीटनाशकों के अंधाधुंध प्रयोग से हमारी नदियां और खेतों की माटी बुरी तरह प्रदूषित होने लगी। हम मनुष्यों ने विरासत में मिली अपनी प्यारी दुनिया बदल दी। इस नई दुनिया में खुद हम मनुष्यों का जीवन भी संकट में पड़ने लगा।

**हम समझें अपनी जिम्मेदारी:** सच कहा जाए तो विकास की दौड़ में हमने प्रकृति संरचना को बुरी तरह बिगाड़ दिया है। अब स्वयं हमारे लिए और हमारे लाखों साथी जीवों के लिए पृथ्वी पर जीना



दिनों-दिन मुश्किल होता जा रहा है। अगर अब भी हम पेड़ों से प्यार नहीं करेंगे, जंगलों की हरियाली नहीं बढ़ाएंगे, हवा में जहरीला धुआं और नदियों-तालाबों और सागरों के पानी में विषैले रसायनों का जहर घोलना बंद नहीं करेंगे तो लाखों जीव नष्ट हो जाएंगे। यही हाल रहा तो आने वाले समय में यह पृथ्वी रहने लायक नहीं रहेगी। इसलिए आओ बच्चो, हम साथ मिलकर पर्यावरण को बचाएं। *

### कोविड हमें लाया प्रकृति के करीब

बच्चो, आज से कुछ साल पहले जब दुनिया कोरोना महामारी से जूझ रही थी, लॉकडाउन चल रहा था, तब हमारे पर्यावरण में कुछ सकारात्मक और हैरान कर देने वाले बदलाव देखने को मिले। गैस चैंबर बने शहरों की हवा में केवल डेढ़-दो माह के भीतर गर्दो-गुबार इतना कम हो गया कि आसमान नीला दिखाई देने लगा! रातों को आसमान में झिलमिलाते तारे नजर आने लगे। हवा में प्राणवायु ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ गई। नदियों के काले, कलुषित पानी में मछलियां दिखाई देने लगीं। स्कूटर, कार, बसें, मेट्रो, रेलगाड़िया और हवाई जहाज न चलने के कारण शहर में कर्कश कोलाहल नहीं रहा, जिसके कारण चारों ओर शांति छा गई। चिड़ियां हमारे घरों के करीब चली आईं। हमें भोर में चिड़ियों की मधुर चहचहाहट सुनाई देने लगी। कहीं मोर नाचने लगे तो कहीं सड़कों पर नीलगाएं घूमने लगीं। जो कल तक अकल्पनीय था, वह संभव हो गया। प्रकृति ने हमें साफ संदेश दे दिया कि अगर हम प्रकृति को प्रदूषित न करें, हमारे कल-कारखाने हवा और नदियों में जहरीले रसायन न उगलें और हम हरियाली को पनपने दें तो हमारा पर्यावरण साफ स्वच्छ रहेगा, गांवों ही नहीं, शहरों की सुबहें भी पंछियों के कलरव से भर जाएंगी।

स्पेशल: वर्ल्ड साइकिल-डे, 3 जून

# बड़े काम की है ईको-फ्रेंडली व्हीकल साइकिल

जानकारी
कुमार गौरव अजीतेंदु

बच्चो, आज से कुछ साल पहले साइकिल यातायात के प्रमुख साधनों में से एक हुआ करती थी। लेकिन आजकल लोगों में साइकिल के प्रति क्रेज कम हो गया है। साइक्लिंग के प्रति लोगों में जागरूकता और लगाव बढ़ाने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशंस) ने विश्व साइकिल दिवस यानी 'वर्ल्ड साइकिल-डे' मनाने का निर्णय लिया। पहला आधिकारिक विश्व साइकिल दिवस 3 जून, 2018 को मनाया गया था।



**कैसे आई दुनिया में साइकिल:** साइकिल के प्रयोग को मूर्तरूप सर्वप्रथम सन 1817 में पेरिस के एक कारीगर कार्ल वॉन ड्रैस ने दिया। उसने जो वाहन बनाया, उसे हॉबी हॉर्स यानी काठ का घोड़ा कहा जाता था। यह वाहन साइकिल जैसा ही था, लेकिन इसमें पैडल नहीं थे, इसे पैरों से धक्का देकर आगे बढ़ाना होता था।

**पैडल वाले साइकिल का आविष्कार:** पैर से घुमाए जाने वाले पैडलयुक्त पहिए का आविष्कार सन 1865 ई. में पेरिस (फ्रांस) निवासी लालेमेंट ने किया। इस यंत्र को वेलॉसिपीड कहते थे। इंग्लैंड, फ्रांस और अमेरिका के यंत्र निर्माताओं ने इसमें अनेक महत्वपूर्ण सुधार कर सन 1872 में इसे एक सुंदर और हल्का रूप दे दिया। इसमें पैडल के अतिरिक्त वेयरिंग और ब्रेक भी लगाए गए थे। इससे इसे चलाना आसान हो गया। *

### भारत में साइकिल

दुनिया में जब जगह-जगह साइकिल प्रचलन में आ गई तो भारत में भी इसे खूब उपयोग किया जाने लगा। आजादी से पहले और आजादी के कुछ सालों बाद भी जब गांवों में अधिकतर सड़कें कच्ची थीं, उस समय साइकिल को आवा-गमन के लिए बहुत ही उपयोगी वाहन के रूप में लोग उपयोग करने लगे। दूधवाले, किसान, पोस्टमैन और आम जनता साइकिल का उपयोग धड़ल्ले से करती थी। आजादी की लड़ाई के दौरान भी हमारे क्रांतिकारियों ने साइकिल का उपयोग किया।



### साइकिल से जुड़ी कुछ रोचक बातें

- **Bicycle** शब्द फ्रेंच भाषा के **bicyclette** वर्ड से निकला है।
- नीदरलैंड को 'साइकिलों का देश' कहा जाता है। बताया जाता है, वहां के प्रधानमंत्री भी साइकिल से अपने ऑफिस जाते हैं।
- डेनमार्क के कोपेनहेगेन को 'सिटी ऑफ साइक्लिस्ट' भी कहा जाता है। यहां की तकरीबन 52 प्रतिशत आबादी साइकिल चलाती है।
- बोनशेकर साइकिल का वजन अस्सी किलोग्राम था।
- रोजाना 30 मिनट साइकिल चलाने वाले व्यक्ति का दिमाग साधारण व्यक्ति के मुकाबले ज्यादा एक्टिव रहता है, इतना ही नहीं ब्रेन पॉवर भी 15 से 20 फीसदी ज्यादा होती है।

कविता / अखिलेश श्रीवास्तव 'चमन'

### जीवन की नींव

जैसे हम जगते, सोते हैं
पेड़ भी जगते, सोते हैं।
जैसे हम हंसते, रोते हैं
पेड़ भी हंसते, रोते हैं।
पेड़ भी खाते हैं, पीते हैं
पेड़ भी सांस लिया करते।
कार्बनडाईऑक्साइड ले
ऑक्सीजन हमें दिया करते।
पहले सभी समझते थे कि
प्राण हीन होते हैं वन।
जे.सी. बोस ने यह बतलाया



पौधों में भी है जीवन।
चाहे पेड़ और पौधा हो
चाहे हो कोई भी जीव।
छोटी सृजक कोशिका होती है
सब के जीवन की नींव।

### एंवॉयर्नमेंट नॉलेज




Q : भारतीय वन सर्वेक्षण का मुख्यालय कहां स्थित है?
A : देहरादून में।

Q : राष्ट्रीय वन नीति के अनुसार कितने प्रतिशत भू-भाग पर वन होना अनिवार्य है?
A : 33 प्रतिशत।

Q : चिपको आंदोलन के पीछे मुख्य उद्देश्य क्या था?
A : वनों की सुरक्षा।

Q : देश का पारिस्थितिकी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केंद्र कहां स्थित है?
A : बैंग्लुरु (कर्नाटक)।

Q: ग्रीन हाउस प्रभाव क्या है?



A : ग्रीन हाउस प्रभाव में सूर्य की किरणें पृथ्वी पर आ तो जाती हैं, लेकिन कार्बन डाइऑक्साइड गैस के घेरे के कारण वापस नहीं जा पाती हैं।

Q : भारत का पर्यावरण शिक्षा केंद्र कहां स्थित है?
A : अहमदाबाद (गुजरात)।

Q : इंदिरा गांधी वानिकी अकादमी कहां स्थित है?
A : देहरादून (उत्तराखंड)।

Q : विश्व वानिकी दिवस कब मनाया जाता है?
A : 21 मार्च।

Q : भारतीय वन प्रबंधन संस्थान कहां है?
A : भोपाल में।

Q : भारत में सबसे अधिक वन किस प्रदेश में हैं?
A : मध्य प्रदेश।

Q : पौधे अपनी खाद्य निर्माण प्रक्रिया में कार्बन डाइऑक्साइड गैस वायुमंडल से लेते हैं और बदले में जीवधारियों को सांस लेने के लिए क्या मुक्त करते हैं?
A : ऑक्सीजन।

Q : कार्बन डाइऑक्साइड, सल्फर डाइऑक्साइड, कार्बन मोनो ऑक्साइड गैसों द्वारा कौन-सा प्रदूषण होता है?
A : वायु प्रदूषण।

Q : बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड परीक्षा किस प्रदूषण को मापने के लिए की जाती है?
A : जल प्रदूषण।

Q : परॉक्सीएसेटिल नाइट्रेट क्या है?
A : वायु प्रदूषक।

Q : राष्ट्रीय पर्यावरण अनुसंधान केंद्र कहां पर स्थित है?
A : नागपुर (महाराष्ट्र)।

Q : वायुमंडल में ओजोन परत हमारी रक्षा किन किरणों से करती है?
A : पराबैंगनी किरणों से।

Q : वायुमंडल में कौन-सी गैस सर्वाधिक पाई जाती है?
A : नाइट्रोजन।

प्रस्तुतिः दीपक कोहली

निर्मला आंटी को यह बिल्कुल नहीं पसंद था, उनके घर के सामने खुले मैदान में बच्चे क्रिकेट-फुटबॉल खेलें और गेंद-फुटबॉल उनके लॉन में रखे गमलों पर गिरे, पौधे बर्बाद हों। लेकिन एक बार जब उन्हें जरूरी काम से शहर के बाहर जाना पड़ा, लौटकर जब वह आईं, अपने लॉन के पेड़-पौधों को उन्होंने जिस हालत मे देखा, वह आश्चर्यचकित रह गईं।

# ओह! यह तो वही लड़का है



कहानी
सिराज अहमद



निर्मला आंटी थोड़ी सख्त मिजाज की थीं। पिछले साल ही वह इस कॉलोनी में शिफ्ट हुई थीं। उनके घर के सामने एक खुला मैदान था, जहां शाम में बच्चे इकट्ठे होकर खेलते रहते। कभी क्रिकेट तो कभी फुटबॉल। कभी-कभी ऐसा होता कि क्रिकेट खेलते वक्त गेंद निर्मला आंटी के घर में चली जाती। कोई बच्चा जब गेंद मांगने जाता तो वह मुंह लटकाए खाली हाथ ही वापस आता।

निर्मला आंटी गेंद कभी वापस नहीं करतीं। वह बच्चों पर खूब बरसतीं। बच्चे उनसे गेंद देने की सिर्फ रिक्वेस्ट करते, कुछ न कह पाते और खेल बंद हो जाता। बच्चे कितनी बार नई गेंद खरीद कर लाएं? हर बार उनके लिए पैसों का बंदोबस्त कर पाना मुश्किल होता।

निर्मला आंटी के घर के अंदर लॉन में ढेर सारे गमलों में तरह-तरह के खूबसूरत पेड़-पौधे लगे थे। उन्हें इस बात का डर था कि कहीं गेंद उनके लगाए गए पौधों को बर्बाद न डाले। निर्मला आंटी को पेड़-पौधों से बेइंतहा मोहब्बत थी। मोहल्ले में उन्होंने पेड़ लगाने की जोरदार मुहिम चलाई थी कि घर-घर पेड़ होने चाहिए। कम ही समय में उनकी मेहनत रंग लाई और कॉलोनी में हरियाली दिखने लगी थी। एक रोज की बात है। उन्हें खबर मिली कि उनकी मम्मी की तबीयत ज्यादा खराब है। उन्हें आनन-फानन में दूसरे शहर जाना पड़ा।

अब क्या था? उनके जाने से बच्चों को फायदा हुआ। गेंद जब भी उनके घर में जाती तो वे छोटी-छोटी बाउंड्री फांदकर फौरन गेंद वापस ले आते। कोई चिकचिक नहीं। कोई डांट-फटकार नहीं। कोई देखने-पूछने वाला नहीं। देखते-देखते निर्मला आंटी को गए दो महीने हो गए थे। इधर बच्चे मस्ती में क्रिकेट का लुत्फ उठा रहे थे। वो भी बिना किसी रोक-टोक के।

एक रोज भी ऐसा ही हुआ। खेलते-खेलते गेंद घर के अंदर चली गई। चहकता हुआ सौरभ दौड़ा और बाउंड्री फांदकर फौरन घर के अंदर कूदा। वह गेंद ढूंढ़ ही रहा था, इतने में ही निर्मला आंटी की गाड़ी गेट के पास आकर रुकी। बाहर खेल रहे बच्चे भागकर अपने-अपने घरों में जा छुपे। बेचारा सौरभ फंस गया था। गेट पर उनकी आवाज सुनकर उसे मालूम पड़ गया कि निर्मला आंटी आ गई हैं। वह चुपचाप एक जगह खड़ा हो गया। निर्मला आंटी ने जैसे ही गेट खोला, सौरभ को सामने खड़ा पाया। उसके हाथों में गेंद थी।

फिर तो पूछिए नहीं। निर्मला आंटी ने उसे खूब खरी-खोटी सुनाई। उस पर खूब चिल्लाईं। चोर भी बोला, जबकि वह बार-बार यह कहता रहा कि वह सिर्फ गेंद लेने ही आया था। उन्होंने उसे धमकी दी कि वह उसके घर आकर उसके पापा से शिकायत जरूर करेंगी। उदास सौरभ वहां से घर की ओर चल पड़ा। उसने यह तय किया कि अब वह कभी यहां खेलने नहीं आएगा।

शाम हो चुकी थी। निर्मला आंटी बाहर ही कुर्सी डाल कर बैठ गईं। तभी उनकी नजर लॉन में रखे सभी गमलों पर गई तो वह हैरान रह गईं और सोचने लगी, 'गमलों में पानी किसने डाला? वह तो महीनों से बाहर थीं।'

वह फटाफट अंदर गईं। घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग खंगालने लगीं। तभी अचानक उनकी नजरें एक वीडियो पर जम गईं, जो कि उनके जाने के दो दिन बाद की थी।

एक बच्चा गेंद उठाने बाउंड्री से अंदर आता है। गेंद उठा कर वह थोड़ा ठहर जाता है, वहां रखे गमले को देखता है। फिर वहीं पर रखे जग में पानी की टोटी से पानी भरता है, सारे गमलों में अच्छी तरह से पानी डालता है। पेड़ों को फुहार मार कर नहलाता है। फिर हंसता हुआ गेंद लेकर बाहर निकल जाता है।

निर्मला आंटी ने और भी कई वीडियो देखे, जिसमें वह लड़का अंदर आता है और सिर्फ पौधों में पानी डाल कर वापस चला जाता है। वह सिर्फ यही करने अंदर आता है।

निर्मला आंटी द्वारा लगाए गए सभी पौधे हरे-भरे थे। कुछ में फूल भी खिले थे। यह तो तय था कि अगर उनमें पानी न दिया जाता तो वे सूख जाते, मुरझा जाते।

निर्मला आंटी ने कैमरे को जूम करके बच्चे को पहचानने की कोशिश की तो और भी हैरान रह गईं, 'ओह, यह तो वही लड़का है, जिसे मैंने बुरी तरह डांटा है-सौरभ।' आज जाने से पहले उन्होंने उसका नाम पूछ लिया था।

सौरभ का उदास और डरा हुआ चेहरा निर्मला आंटी के मन में आया। उन्होंने मन ही मन निर्णय ले लिया था, वह सौरभ के घर जाकर उसके मम्मी-पापा से उसकी तारीफ करेंगी, उसे शाबाशी देंगी और उसे फूलों वाला एक गमला भी उपहार में देंगी। *

कविता
रजनीकांत शुक्ल



### फिर नवजीवन पाना

नदिया पर्वत झील समंदर
सारे करें इशारे
जब भी मन ना लगे कहीं
तो आना पास हमारे।
चहकें चिड़िया जहां दूर तक
फैल रही हरियाली
चले हवा तो उसकी धुन सुन
लहके डाली-डाली।
कोलाहल से दूर शांति की
बस्ती बसी निराली
आसमान में बादल घूमें
हवा चले मतवाली।
झर-झर झरते मन को हरते
झरनों की मनहर धुन
कुहू-कुहू कोयल का गाना
भौंरों की यह गुन-गुन।
जब भी जी ना लगे तुम्हारा
पास हमारे आना
नई ऊर्जा भर जाएगी
फिर नवजीवन पाना।

### रंग भरो-176

रंग भरो-176 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आस्तिका, चांपा



अयान, रायपुर



कृतिका, सीपत



तेजू, रायपुर



शौर्य, जांजगीर



अरल, बिलासपुर

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

आतिया-बहादुरगढ़, भूमिका-बागबाहरा, दीप्ति-दुर्ग, दिव्यांश-दुर्ग, डॉली-मटियारी, रोशनी-दुर्ग, संस्कार-बलौदा बाजार, श्वेता-रायपुर, तन्मय-दुर्ग, अमन-रायपुर, नेहा-बिलासपुर, सक्षम-रायगढ़, जिया-महासमुंद, कल्पना-राजनांदगांव, राज-भोपाल

### रंग भरो 177



बच्चो, यहां दिए गए ब्लैक एंड व्हाइट चित्र में मनन पौधा लगाकर फावड़े से मिट्टी गोड़ रहा है। पास ही खड़ी खुशी पौधे में पानी डाल रही है। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक-फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



### जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की टीम ने काटे अवैध कनेक्शन

# शहर में अवैध कनेक्शन पर वार, मैन लाइन से 12 नलों को हटाया, अन्य की हो रही पहचान

**जिला सलाहकार ने बताया कि शहर में हैफेड के पास बने बूस्टिंग स्टेशन में मैन लाइन से पानी जाता है**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन की टीम ने जन जागरूकता अभियान को तेज करते हुए वीरवार को निजामपुर रोड स्थित शहर में मैन लाइन से अवैध कनेक्शनों को हटाया। जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि शहर में हैफेड के पास बने बूस्टिंग स्टेशन में मैन लाइन से पानी जाता है। सूचना मिली थी कि मैन लाइन में बहुत से



**नारनौल।** अवैध कनेक्शन काटती विभागीय टीम। फोटो : हरिभूमि

लोगों ने अवैध कनेक्शन कर रखे हैं। जिस कारण बूस्टिंग स्टेशन का टैंक नहीं भरता और उपभोक्ताओं को पेयजल की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए सुपरवाइजर संजय व बीआरसी इंद्रजीत की अगुवाई में एक टीम को निरीक्षण के लिए भेजा गया। टीम ने जाकर देखा तो सूचना के अनुरूप स्थिति पाई गई। बहुत से लोगों ने मैन लाइन में अवैध रूप से कनेक्शन जोड़ रखे थे। जिनमें से 12 लोगों के कनेक्शन काट दिए गए। सुपरवाइजर संजय कुमार ने बताया कि मैन लाइन में किसी भी उपभोक्ता को पेयजल कनेक्शन लेने का अधिकार नहीं है। वैध रूप से कनेक्शन लेने के लिए केवल सब लाइन में ही पेयजल कनेक्शन लिया जा सकता है। इसलिए जिन उपभोक्ताओं ने मैन लाइन में कनेक्शन ले रखे हैं, उनके कनेक्शन धीरे धीरे काटे जाएंगे, ताकि टेल एंड तक पानी पहुंच सके।

#### जिलेभर में घूम रही हैं टीमें, पेयजल की

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश भर के उपभोक्ताओं को गर्मी के मौसम में पेयजल से वंचित न होना पड़े। इसके तहत जल की बर्बादी करने वालों, पेयजल से सिंचाई करने वालों तथा अवैध रूप से होटलों, रेस्टोरेंटों, पार्कों व वॉशिंग स्टेशनों के मालिकों ने जो पेयजल कनेक्शन ले रखे हैं, उन्हें काटने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही जो उपभोक्ता घरेलू पेयजल कनेक्शन का कमर्शियल उपयोग कर रहे हैं और अब तक कमर्शियल में परिवर्तन नहीं करवाया है, उन पर जुर्माना लगाने का भी प्रावधान है। इस जल संरक्षण अभियान में ग्रामीण व शहरी दोनों प्रकार के उपभोक्ता शामिल हैं, जो उपभोक्ता अपने पेयजल कनेक्शन के बिल भी नहीं भर रहे हैं, उनसे अनुरोध है कि वे शीघ्र अपने बकाया बिलों का भुगतान करें।

#### जेई नरेश चंदेला की अगुवाई में किया निरीक्षण

जिला सलाहकार मंगतुराम सरसवा ने बताया कि रामपुरा गांव में जेई नरेश चंदेला की अगुवाई में दूसरी टीम ने निरीक्षण किया। वहां भी मैन लाइन के दो व पेयजल से बाड़ी सिंचाई करने वालों के दो कनेक्शन काटे गए। उन्होंने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य किसी उपभोक्ता को परेशान करना नहीं है, बल्कि पेयजल का समान वितरण सुनिश्चित करना, हर घर तक जल पहुंचाना और पेयजल की हो रही बर्बादी को रोकना है। उन्होंने यह भी बताया कि पेयजल के लगातार दुरुपयोग से जिला महेंद्रगढ़ का भूजल स्तर गिरने की कगार पर है। अतः भूजल का दोहन केवल आवश्यकता अनुसार ही करेंए व्यर्थ में भूजल का उपयोग न करें। इस मौके पर जेई नरेश चंदेला, सुपरवाइजर संजय, बीआरसी इंद्रजीत, बीआरसी धर्मेंद्र, महिपाल फिटर, बिरेन्द्र फिटर, हेल्पर हेमंत, सुनील, विजय आदि रहे।

#### मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन की बैठक आज

**मंडी अटेली।** मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी की ब्लाक अटेली मण्डी मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स की बैठक 30 मई को 11 बजे अटेली अनाज मंडी आयोजित की जाएगी। इस बैठक में पानीपत में अगले माह पांच जून को होने वाली प्रदेश स्तरीय रैली की तैयारी को लेकर विचार–विमर्श किया जाएगा। जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह सम्बोधित करेंगे। इस बैठक में अनेक बातें मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, न्यूनतम वेतन लागू करने, साल में 10 महीने की बजाय 12 महीने का वेतन देने, वेतन हर माह सात तारीख तक भुगतान करने, स्कीम वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाकर पेंशन योजना व इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाने, ड्रेस की राशि दो हजार रुपये करने, स्कूल बन्द होने की स्थिति में पास के स्कूल में समायोजन करने, रिटायरमेंट उम्र 65 वर्ष करने, रिटायरमेंट पर एकमुश्त पांच लाख रुपये देने संबंधी मांगे उठाई जाएंगी।



**महेंद्रगढ़।** महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए।

## जीनियस एकेडमी में मनाई महाराणा प्रताप की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

जीनियस एकेडमी में महाराणा प्रताप की 485वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके चित्र पर पुष्पार्पित करके उन्हें याद किया गया। एकेडमी डायरेक्टर अमित यादव ने कहा कि महाराणा प्रताप जो की मेवाड़ के शासक थे, उनका जन्म कुंभलगढ़ किले में हुआ था। वह उदय सिंह द्वितीय और जयवंता बाई के पुत्र थे।

महाराणा प्रताप को एक महान योद्धा के रूप में जाना जाता है, जिन्होंने मुगल बादशाह अकबर के खिलाफ स्वतंत्रता की लड़ाई लड़ी। 1576 में हल्दी घाटी का युद्ध उनकी सबसे प्रसिद्ध लड़ाई थी, जिसमें उन्होंने अपनी छोटी सी सेना के साथ अकबर की विशाल सेना का सामना किया था।

महाराणा प्रताप ने 30 वर्षों तक मुगलों के खिलाफ लड़ाई लड़ी और कभी भी अपनी जमीन पर समझौता नहीं किया।

उनकी बहादुरी और दृढ़ संकल्प ने उन्हें भारतीय इतिहास का एक वीर योद्धा बना दिया। एकेडमी चेयरपर्सन सोनिका यादव ने भी महाराणा प्रताप को याद करते हुए कहा कि महाराणा प्रताप को शौर्य स्वाभिमान और मातृभूमि से असीम प्रेम के लिए जाना जाता हैं। आज तक उनकी वीरता के किस्से लोगों की जुबान पर हैं। उनका नाम लेते ही भारतीयों का सीना गर्व से चौड़ा हो जाता है। इस अवसर पर सुनील कुमार, दिलेर सिंह, नरेंद्र, दीपक, देवेंद्र, ओमवीर, सोनू, राधिका, सुरेंद्र, पूनम आदि उपस्थित थे।

### खबर संक्षेप



#### टोहरा परिवार ने भेंट किया वाटर कूलर

**नारनौल।** प्रख्यात शिक्षाविद एवं सिख समाज के पुरोधा स्व. सरदार संतोख सिंह की पुण्य स्मृति में वाटर कूलर स्थापित किया गया। प्रगतिशील शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि स्व. संतोख सिंह की पत्नी जसबीर कौर व टोहरा परिवार ने गुरुद्वारा श्री कलगीधर में फिल्टर सिस्टम के साथ एक वाटर कूलर स्थापित किया। इसका शुभारम्भ उनकी पत्नी जसवीर कौर ने गुरु श्री अर्जुन देव के शहीदी पर्व के उपलक्ष्य में किया। गुरुद्वारा श्री कलगीधर में सुखमनी साहब का पाठ व लंगर का आयोजन भी किया गया।

कार्यक्रम में शिक्षक ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. संजय शर्मा को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया।



#### हुडा सेक्टर में किया अखंड पाठ का आयोजन

**नारनौल।** श्री रामचरित मानस प्रचार मंडल के तत्वावधान में हुडा सेक्टर में 28 घंटे अखण्ड पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य यजमान ओमप्रकाश सुरेन्द्र कुमार अग्रवाल रहे। पाठ में प्रवीण कुमार, रामभगत गर्ग, बेगराज गोयल, प्रमोद चौधरी, महेश शर्मा, चांदकिशोर शर्मा, सुनील सैनी, रामानन्द, मितेश कुमार, योगेश कुमार, कपिल संघी, शुभम शर्मा, प्रमोद कुमार, महेन्द्र संघी ने प्रभु श्रीराम का पाठ किया।

#### मकान में हुई चोरी सीसीटीवी में कैद

नारनौल। नारनौल। शहर में मौहल्ला नई सराय के एक मकान में चोरी की वारदात हुई है। वहां लगे सीसीटीवी कैमरा में वारदात कैद हो गई। सामने आई तस्वीर में दिख रहा है कि संदिग्ध मकान की दीवार का फांदकर सामान चोरी कर रहा है। इसके बाद मकान मालिक ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ित मकान मालिक मुकेश कुमार ने बताया कि बीती रात उसके मकान से चोरी हो गई। वह ठेकेदारी करता है। इसलिए उसके घर में कुएं की मोटरों के पाइप, तार व अन्य सामान रखा हुआ है। बीती रात को एक चोर उसके घर में दीवार फांदकर घुस गया। जिसके बाद उसने करीब तीस से 40 हजार रुपये के सबमर्सिबल पाइप, तार तथा अन्य सामान चुराकर ले गया। उन्होंने बताया कि चोरी करने के बाद वह वहां से सामान को दीवार के ऊपर से ले गया।



**नारनौल।** बैठक में भाग लेते अध्यापक अभिभावक। फोटो : हरिभूमि

## सीएल स्कूल में पीटीएम आयोजित

**नारनौल।** सीएल पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में अभिभावकों में बच्चों के यूनिट टेस्ट एक तथा स्कूल स्तर पर होने वाले ओलंपियाड परीक्षा के परिणाम जानने को लेकर उत्सुकता दिखाई दी। बैठक का मुख्य उद्देश्य माता पिता को बच्चे की सम्पूर्ण गतिविधियों की जानकारी देना था, ताकि शिक्षक और अभिभावक मिलकर बच्चे का चहुमुखी विकास कर सके। शिक्षकों ने अभिभावकों को यूनिट टेस्ट और ओलंपियाड परीक्षा के दौरान उनके बच्चों के प्रदर्शन के बारे में जानकारी दी। इसके साथ नर्सरी से यूकेजी के बच्चों को हॉलीडे होमवर्क बुकलेट भी दी गई। इस अवसर पर सुझाव पेटी भी रखी गई। जिसमें बच्चों के साथ आए माता पिताओं ने अपने सुझाव दिए। इस अवसर प्राचार्य रविन्द्र यादव ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य माता पिता को बच्चों के प्रति जगरूक करना और उनके बच्चे की प्रत्येक क्रिया कलाप की जानकारी देना है, ताकि बच्चे और उनके माता पिता उनकी प्रगति मे अध्यापकों का सहयोग कर सके।

## धनौंदा में महाराण प्रताप की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मेवाड़ के शासक प्रथम स्वतंत्रता सेनानी वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती गांव धनौन्दा स्थित महाराणा प्रताप कॉलेज में धूमधाम से मनाई गई। प्रमुख समाजसेवी नेताजी अतरलाल इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कैलाश सेठ थे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ शिक्षाविद प्रोफेसर सुभाशचंद यादव ने की। मुख्य अतिथि नेताजी अतरलाल ने महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की तथा अन्य गणमान्य अतिथियों के साथ महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें



**नारनौल।** महाराणा प्रताप को नमन करते नेताजी अतरलाल व अन्य गणमान्य जन।

नमन किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए अतरलाल ने कहा कि महाराणा प्रताप वीरता और शौर्य की प्रतिमूर्ति तथा देशभक्ति तथा स्वाभिमान के मसीहा थे। कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी अपने जीवन मूल्यों पर अडिग रहना हम महाराणा प्रताप से सीख सकते हैं। संघर्ष के दौर में घास की रोटियां खानी पड़ी, लेकिन फिर भी उन्होंने अकबर की अधीनता स्वीकार न करके स्वराज्य की मशाल को जलाए रखा। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को सम्बोधित करते हुए अतरलाल ने उनसे शाकाहारी बनने और सच्चरित्र रहने की अपील की। कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर नवीन जांगड़ा ने मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों का स्वागत करते हुए सभी उपस्थित जनों से महाराणा प्रताप के आदर्शों और जीवन मूल्यों को अपनाने की अपील की।

## कराटा चैंपियनशिप में छात्र अक्षराज का शानदार प्रदर्शन, किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के होनहार खिलाड़ी अक्षराज ने 35वीं इंटर डिस्ट्रिक्ट कराटे चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीता है। यह प्रतियोगिता हरियाणा के जींद जिले में आयोजित की गई, जिसमें हरियाणा के लगभग सभी जिलों से खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कक्षा चौथी के छात्र अक्षराज पुत्र डॉ. अतुल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए इंटर जिला प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल, प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल, संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल और उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल ने विद्यार्थी को शुभकामना देते हुए




**महेंद्रगढ़।** जीता हुआ मेडल दिखाते अक्षराज। फोटो : हरिभूमि

उसके उज्जवल भविष्य की कामना की और भविष्य में जिले का प्रतिनिधित्व करने के लिए अग्रिम शुभकामना दी। उन्होंने बताया कि कराटे प्रतियोगिता में भाग लेना विद्यार्थियों के लिए कई तरह से महत्वपूर्ण है। यह शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से लाभ पहुंचाता है, जिससे वे अपने जीवन में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार होते हैं।

## अध्यात्मिक विचारों से समावेशित विद्यार्थी एकाग्रचित होकर पढ़ाई करने में सक्षम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

लंबोरिया एकेडमी बूढ़वाल में विद्यार्थियों के सर्वागिंण विकास पर आधारित बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें संस्था के चेयरमैन हजारीलाल लंबोरा मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों में सामाजिक और अध्यात्मिक विचारों का समावेश करने का संदेश दिया। जिससे बच्चों का मानसिक विकास संभव हो पाएगा तथा एकाग्रचित होकर पढ़ाई कर सकेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता में स्कूल के निदेशक राजपाल लंबोरा ने की। उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर सभी अभिभावक गंभीर है, आर्थिक स्थिति कमजोर




**नांगल चौधरी।** मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते चेयरमैन हजारीलाल लंबोरा।

होने के बावजूद महंगे स्कूलों में दाखिला कराते हैं, लेकिन संस्कार और संस्कृति का प्रसार करने में विशेष लगाव नहीं, इसलिए भौतिकवादी शिक्षा पर फोकस रखते हैं। जिस कारण युवाओं में मानसिक तनाव पश्चिमी देशों की संस्कृति के प्रभाव की समस्या बढ़ गई। पैसे कमाने के शॉटकट तरीके अपनाने आरंभ कर दिए। जिससे समाज में अपराधिक वारदातों का ग्राफ बढ़ गया है। समाधान के लिए युवाओं में भारतीय संस्कृति, संस्कार तथा अध्यात्मिक विचारधारा का समावेश होना अनिवार्य हो गया है। इस मौके पर प्राचार्य राजबीर सिंह व शिक्षक स्टॉफ मौजूद रहा।




**नारनौल।** एडवोकेट राजकुमार यादव को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## एडवोकेट राजकुमार यादव को किया सम्मानित

**नारनौल।** सिंगापुर में आयोजित कार्यक्रम में एडवोकेट राजकुमार यादव को समाजसेवा व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम हॉलिडे इन सिंगापुर ऑर्चर्ड सिटी सेंटर में आयोजित किया गया, जो वैश्विक उपलब्धियों और कई क्षेत्रों में प्रभावशाली योगदान का एक महत्वपूर्ण उत्सव था। इस शिखर सम्मेलन में कई अंतर्राष्ट्रीय मेहमानों व सम्मानित व्यक्तियों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करने वाले प्रमुख व्यक्तियों में एलेक्स सोट्टो, मल्टीपल वेंचर्स, फिलीपींस के संस्थापक और अध्यक्ष योगी प्रियव्रत अनिमेष, फाउंडेशन के संस्थापक और प्रसिद्ध वैश्विक आध्यात्मिक नेता डॉ. पंकज कुमार अक्षय, आई-कॉनिक सॉल्यूशंस के प्रबंधक निदेशक डॉ. ऐश्वर्या पातापति, राजकुमार यादव, डॉ. केके, सिंगापुर से सुचि, हेमा डथवाल शामिल थे। इस शिखर सम्मेलन में मलेशिया, सिंगापुर, नेपाल, फिलीपींस, श्रीलंका व भारत के दूरदर्शी, नवप्रवर्तक, परिवर्तनकर्ता एक साथ शामिल हुए।



सतनाली मंडी। पीटीएम में भाग लेते अध्यापक। फोटो : हरिभूमि

## अध्यापक व अभिभावक में तालमेल से विद्यार्थी छू सकता है आसमान : राव बहादुर सिंह

**सतनाली मंडी।** यदुवंशी सतनाली में अध्यापक अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थियों के अभिभावकों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर अभिभावकों का तिलक लगाकर उनका स्वागत किया गया। कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों की मासिक टेस्ट की रिपोर्ट अध्यापकों ने अभिभावकों से सांझा की। इस अवसर पर अध्यापकों ने बच्चों के अच्छे गुणों को सराहा, वहीं उनकी कमियों को दूर करने के लिए अभिभावकों को उचित कदम उठाने की सलाह भी दी। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार ने विद्यालय में पहुंचे अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। कहा कि अभिभावकों को सम्पूर्ण हक है कि अपने बच्चे के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर विद्यालय को उचित सुझाव दें। यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह ने विद्यालय में पहुंचे अभिभावकों का स्वागत किया व अपने सम्बोधन में कहा कि इस तरह की बैठक के आयोजन यदुवंशी समय समय पर करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि अभिभावकों व अध्यापकों में तालमेल हो तो विद्यार्थी नित नए आयाम तय कर सकता है।

## माही ने स्पेस ओलम्पियाड में पाया तीसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

एसडी स्कूल ककराला की छात्रा माही राव ने इन्टरनेशनल स्पेस ओलम्पियाड में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तीसरा स्थान पाप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने बताया कि विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में जाने वाले विद्यार्थियों से अंतरिक्ष विज्ञान, खगोलशासत्र, उपग्रह प्रौद्योगिकी और वैज्ञानिक ज्ञान से संबंधित प्रश्न पूछे जाते हैं। इसके बाद कठिन चुनौतियों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया जाता है। छात्रा माही राव ने लाखों प्रतिभागियों के बीच अपनी समझ, निरंतर अभ्यास और लगन से प्रतियोगिता में अपना स्थान बनाया। जिस पर अभिभावकों व शिक्षकों ने उनकी सफलता पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि माही बचपन से ही विज्ञान विषय में रुचि रखती थी। माता पिता भी उसकी जिज्ञासा को प्रोत्साहित करते रहे। उनके निरंतर



कनीना। छात्रा माही राव

प्रयास, मेहनत और समर्पण से यह उपलब्धि हासिल हुई है। उन्होंने बताया कि चयनित विद्यार्थी, अभिभावक व स्टॉफ सदस्यों के परिश्रम व नियमित प्रयास से ही सफलता मिली है। विद्यार्थी का चयन न केवल उनकी अकादमिक उत्कृष्टता की पहचान है, बल्कि उनके समर्पण, मेहनत और विज्ञान के प्रति जुनून का भी अहम रोल है। उन्होंने कहा कि समय का जितना सदपयोग हो सके सीखने के लिए करना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के उपनिदेशक ओमप्रकाश, सीईओ रामधारी, राजेन्द्र सिंह, उपप्राचार्य पूर्णसिंह, वरिष्ठ विभाग के मुखिया सुनील कुमार, सुरेन्द्र सिंह रहे।

## चेयरमैन विजय टूमना को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने किया सम्मानित

- यह सम्मान विद्यालय को सूर्य नमस्कार प्रोजेक्ट के अंतर्गत योग जागरूकता अभियान में उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

शिक्षा, संस्कृति और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने वाले विजय इंटरनेशनल स्कूल बलाना को हरियाणा योग आयोग द्वारा प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान विद्यालय को सूर्य नमस्कार प्रोजेक्ट के अंतर्गत योग जागरूकता अभियान में उल्लेखनीय भूमिका निभाने के लिए प्रदान किया गया है। विद्यालय को यह प्रमाण पत्र राज्य स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया,

जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। विजय इंटरनेशनल स्कूल




**महेंद्रगढ़।** चेयरमैन विजय यादव टूमना को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

अध्यक्ष विजय यादव टूमना को यह प्रशस्ति पत्र भव्य समारोह में मुख्यमंत्री के कर-कमलों द्वारा भेंट किया गया। यह प्रशस्ति पत्र विद्यालय की उस प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसके अंतर्गत छात्रों, अभिभावकों एवं समुदाय को योग, विशेषकर सूर्य नमस्कार के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की टीम ने उत्कृष्ट समन्वय, नियोजन तथा भागीदारी प्रस्तुत की, जिसे हरियाणा योग आयोग एवं आयुष मंत्रालय (भारत सरकार) ने विशेष रूप से सराहा। हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार एवं अध्यक्ष द्वारा हस्ताक्षरित इस प्रमाण पत्र में विद्यालय की उत्कृष्ट समर्पण भावना एवं सराहनीय प्रयासों की सराहना की गई है।




## हेरिटेज विद्यालय के छात्रों ने किया शैक्षिणक भ्रमण

**नारनौल।** उपमंडल कनीना में स्थित हेरिटेज वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने किंगडम वाटर पार्क रोहतक का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यालय के चेयरमैन ओमप्रकाश शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर बच्चों को भ्रमण के लिए रवाना किया। जिसमें विद्यार्थी वेव पूल, हॉर्स राइडिंग, रेन डांस, जंगल थीम पूल, पैंडुलम राइड्स, स्विमिंग पूल आदि का भ्रमण किया। जिसमें बच्चों ने 12 राइड्स, चार पूल, मशरूम अम्ब्रेला के बारे में जानकारी ली और उनका भ्रमण किया। बच्चों ने भ्रमण के समय पूरा एन्जॉय किया। इसके बाद बच्चों ने झूलों पर अपनी रुचि दिखाई और उसे भी अच्छे से एन्जॉय किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चे बहुत खुश दिखे। इसके बाद बच्चों ने विद्यालय के चेयरमैन का धन्यवाद किया। शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यालय के सीईओ कैलाश शर्मा, मनीष कुमार, डायरेक्टर खुसीराम शर्मा, प्रधानाचार्य कृष्ण सिंह, सीनियर कोऑर्डिनेटर सुरेंद्र कुमार, जूनियर कोऑर्डिनेटर सुमन, पंकज डीपी, दीपक, रक्षा, चेतना, अनिता, रुबीना, मोनिका, पवन, दीपक, अमित, रेनु, प्रिया, अभिषेक अध्यापकगण उपस्थित रहे।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कालबा में सफाईकर्मी लगाया जाना है कार्यक्रम निम्न से है :–

आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि :– 28.05.2025 से 06.06.2025

साक्षात्कार की तिथि:– 11.06.2025

स्थान:– खण्ड कार्यालय नांगल चौधरी

अतः इच्छुक व्यक्ति अपना आवेदन खण्ड कार्यालय में कार्य दिवस में प्रस्तुत कर सकता है।

**सरपंच ग्राम पंचायत, कालबा**

## खबर संक्षेप



### आरोप : शराब ठेकेदार ने किया अवैध कब्जा

**नारनौल।** बस स्टैंड नीरपुर नप के वार्ड नंबर सात में रेवाड़ी रोड पर अंग्रेजी शराब का ठेका खुला हुआ है। जिसके ठेकेदार ने 25 से 30 फुट अवैध निर्माण व कब्जा किया हुआ है। वहीं ठेके के साथ होटल व कुछ दुकानें है, जिसमें लोग शराब पीते है। शराब पीकर वह लोग नशे की हालत में रोड़ पर अचानक गाड़ियों के सामने आ जाते है।

इस बारे में पार्षद प्रतिनिधि सुमेर कांडा ने बताया कि ऐसा ही एक वाक्या एक शराबी को बचाने के चक्कर में वीरवार को हुआ।

### जिला पार्षद उर्मिला ने रखी अपने वार्ड की समस्याएं

**मंडी अटेली।** जिला परिषद की बैठक में अटेली क्षेत्र के वार्ड नंबर 11 से पार्षद उर्मिला यादव पत्नी शमशेर यादव ने अपने वार्ड की अनेक समस्याओं को बैठक में रखा तथा उनके समाधान की मांग की। जिला पार्षद उर्मिला यादव ने बताया कि तिगरा गांव में गंदे पानी की निकासी का लोक निर्माण विभाग द्वारा सफाई करवाई जाए। गांव की नालियों को नाले से जोड़ना तथा ढाणियों में शुद्ध पेयजल पानी की व्यवस्था की जाए।

### ढाणी इसराना से 1.160 किलो गांजा बरामद

**कनीना।** सदर थाना प्रबंधक सज्जन सिंह वशिष्ठ ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर छापेमार टीम गठित की गई, जिसने इसराना में छापेमारी की। टीम ने कागजी कार्रवाई को पूरा कर ड्यूटी मैजिस्टेट अनिल शर्मा उप आबकारी एवं कराधान आयुक्त नारनौल की उपस्थिति में आरोपित की तलाशी ली। जिसमें टेबल की दराज से पीले रंग की पॉलीथिन मिली। जिसको चेक किया गया, तो उसमें गांजा बरामद हुअ। जिसका वजन 1.160 किलोग्राम मिला। आरोपित की पहचान नवीन वासी ढाणी इसराना के रूप में हुई।

### थाना प्रभारियों को एसपी ने किया पुरस्कृत

**नारनौल।** लघु सचिवालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वीरवार को एसपी पूजा वशिष्ठ ने थाना शहर, थाना सदर, थाना अटेली के थानाध्यक्षों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कृत किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने पुरस्कृत थाना प्रबंधकों के समर्पण व कर्तव्य परायणता की सराहना की। उन्होंने कहा कि इन अधिकारियों का समर्पण पुलिस विभाग के अन्य कर्मचारियों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत है। थाना प्रभारियों की ओर से किया गया यह उत्कृष्ट कार्य निश्चित रूप से पुलिस विभाग के अन्य सदस्यों को भी प्रेरित करेगा।

### मारपीट करने के मामले दो आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** मारपीट करने, तोड़फोड़ करने व गल्ले से नकदी निकालकर ले जाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना निजामपुर पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। जिनकी पहचान इंद्राज वासी ढाणी मालिया की तन मुसनौता व बलवान वासी इस्लामपुरा निजामपुर के रूप में हुई है। मामले में जांच करते हुए पुलिस ने डकैती की धारा जोड़ी है।

### फायर करने के मामले में एक और आरोपित काबू

**नारनौल।** गाड़ी रूकवाकर जान से मारने की नियत से फायर करने के मामले में सीआईए महेंद्रगढ़ और थाना सदर पुलिस टीम ने एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान सोमबीर वासी घिलोठ रोहतक के रूप में हुई है। पुलिस ने मामले की जांच करते हुए पता लगाया कि आरोपितों ने आपसी रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया था। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस द्वारा पांच आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया था।

*30 मई को रोहतक में आयोजित होगा प्रदेशस्तरीय भगवान परशुराम जन्म महोत्सव, प्रदेश के लोग जयंती में होंगे शामिल*

# भगवान परशुराम जयंती में जाएंगी प्रदेश की 1401 बसें, यात्रियों को उठानी पड़ सकती है परेशानी

प्रदेश से 1401 बसें लोगों को जयंती में लेकर जाएंगी, बसों के अभाव में यात्रियों को उठानी पड़ सकती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़




बसों से आवागमन करने वाले यात्रियों को शुक्रवार को बसों के अभाव में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से 1401 परमिट व रोडवेज बसें ग्रामीण को लेकर परशुराम जयंती समारोह में लेकर जाएंगी। ऐसे में बसों में यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है।

बता दें कि 30 मई को रोहतक में प्रदेशस्तरीय परशुराम जंयती समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें विभिन्न जिलों के गांवों से लोग शामिल होगे। ग्रामीणों को जयंती समारोह में शामिल होने के लिए सरकार की ओर से परिवहन विभाग को बसों की व्यवस्था करने के आदेश जारी किए है। परिवहन विभाग ने सभी महाप्रबंधकों को बसें उपलब्ध कराने के आदेश किए हैं। जयंती समारोह में कुल 1401 बसें शामिल होगी। जिसमें 359 परमिट बस व 1042 रोडवेज बसें होगी। लोगों को लेकर आने व वापस ले जाने के लिए रोहतक महाप्रबंधक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया। परिवहन विभाग की ओर से जारी आदेशों के अनुसार सभी महाप्रबंधको को सभी चालक व परिचालकों के नाम व मोबाईल नंबर तथा बस के नंबर की सूची मुख्यालय भेजनी होगी। इसके अलावा सभी महाप्रबंधक डिपों स्तर पर एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेंगे। वहीं सोनीपत डिपो में एक कंट्रोल रूम स्थापित किया गया, जिसमें छह कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी।

#### सरकार को करनी चाहिए थी अन्य व्यवस्था



रोडवेज यूनियन के पदाधिकारी भगत सिंह का कहना है कि परशुराम जंयती पर प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम आयोजित करना सरकार का सराहनीय कदम है, लेकिन सरकार को जयंती के लिए अन्य कोई व्यवस्था करनी चाहिए थी। नारनौल डिपो में 130 बसें हैं, उनमें से 50 बस जयंती के लिए रवाना होंगी। ऐसे में यात्रियों को बसों के अभाव में परेशानी उठानी पड़ सकती है।

| डिपो | कुल बस | निजी बस | रोडवेजबस |
|---|---|---|---|
| अंबाला | 10 | 00 | 10 |
| भिवानी | 85 | 30 | 55 |
| दादरी | 13 | 00 | 13 |
| फरीदाबाद | 10 | 00 | 10 |
| फतेहाबाद | 7 | 00 | 7 |
| गुरुग्राम | 14 | 00 | 14 |
| हिसार | 23 | 00 | 23 |
| झज्जर | 12 | 45 | 80 |
| जींद | 41 | 00 | 41 |
| कैथल | 55 | 00 | 55 |
| करनाल | 86 | 36 | 50 |
| कुरूक्षेत्र | 37 | 00 | 37 |
| महेंद्रगढ़ | 63 | 13 | 50 |
| नूंह | 11 | 00 | 11 |
| पलवल | 9 | 00 | 9 |
| पंचकुला | 7 | 00 | 7 |
| पानीपत | 101 | 36 | 50 |
| रेवाड़ी | 22 | 00 | 22 |
| सिरसा | 19 | 00 | 19 |
| यमुनानगर | 10 | 00 | 10 |
| रोहतक | 247 | 95 | 102 |
| सोनीपत | 406 | 104 | 102 |
| कुल | 1401 | 359 | 777 |

अन्य डिपो सें 265 बसें होगी रवाना

फर्म के नाम पर धोखाधड़ी से इंडसइंड व एक्सिस बैंक में खुलवा रखे थे खाते

# साइबर ठगी की वारदात में प्रयोग हो रहा था खाता, खाताधारक गिरफ्तार

खाता के खिलाफ विभिन्न राज्यों में 16 शिकायतों में कुल 44785211 रुपये का फ्रॉड होने की रिपोर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल



नारनौल। पुलिस गिरफ्त में आरोपित। फोटो : हरिभूमि

साइबर थाना पुलिस की ओर से साइबर ठगी के मामलों में प्रभावी कार्रवाई की जा रही है और साइबर ठगी की वारदातों में संलिप्त आरोपितों को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है। साइबर थाना की टीम ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए साइबर ठगी के मामलों में संलिप्त एक आरोपित अंकित वासी शाहपुर अव्वल मांदी को गिरफ्तार किया है। आरोपित ने धोखाधड़ी से फर्मों के नाम पर इंडसइंड व एक्सिस बैंक में खाते खुलवाए हुए थे। इंडसउंड बैंक का खाता साइबर फ्रॉड में प्रयोग हो रहा था। खाता के खिलाफ विभिन्न राज्यों मे कुल 16 शिकायतें दर्ज पाई गई। इन 16 शिकायतों में कुल 44785211 रुपये का फ्रॉड होने बारे रिपोर्ट पाई गई। खाता का रिकॉर्ड चेक करने पर प्रथम लेयर में ही खाता में 54 लाख रुपये ट्रांसफर व जमा होने पाए गए। खाता की बैंक स्टेटमैंट व केवाईसी रिकॉर्ड से पता लगाया कि खाता में 10183247 रुपये का ऑनलाइन लेनदेन पाया गया और खाता श्री जय दुर्गा ग्लास हाऊस नारनौल के नाम पर पाया गया। बैंक केवाईसी के साथ अंकित वासी शाहपुर अव्वल मांदी का आधार कार्ड व अन्य आईडी लगी पाई गई। जांच के दौरान साइबर पुलिस टीम ने श्रम विभाग से फर्म का रिकॉर्ड हासिल किया, जो फर्म किसी अन्य व्यक्ति के नाम पाई गई। आरोपित अंकित ने फर्म के नाम से धोखाधड़ी से खाता खुलवाया। प्रारंभिक पुछताछ में पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ साइबर थाना शिमला में भी साइबर ठगी का मामला दर्ज है और पहले भी दो मामले लड़ाई झगड़ा के दर्ज हैं। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

#### साइबर फ्रॉड की काफी राशि का लेनदेन

नारनौल शहर में एक फर्म के नाम से इंडसइंड बैंक में धोखाधड़ी से खुलवाएं गए खाता में साइबर फ्रॉड की काफी धनराशि का लेनदेन हुआ है। जिस पर साइबर थाना पुलिस ने भारत सरकार की ओर से मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स के अधीन कार्यरत, भारतीय साइबर क्राइम समन्वय केन्द्र के समन्वय पोर्टल पर उक्त बैंक खाता बारे डिटेल सर्च की तो उक्त बैंक खाता के खिलाफ विभिन्न राज्यों में कुल 16 शिकायतें रजिस्टर्ड होना पाई गई। जिसमें 16 शिकायतों में कुल 44785211 रुपये फ्रॉड होने पाए गए। जिनमें से प्रथम लेयर मे ही इस खाता मे कुल 54 लाख रुपये ट्रांसफर होने पाए गए। खाता की बैंक स्टेटमैंट व केवाईसी रिकार्ड प्राप्त कर अवलोकन किया तो खाता में कुल 10183247 रुपये ऑनलाइन जमा होने व 10177586 रुपये ऑनलाइन ही ट्रांसफर होने पाए गए और खाता श्री जय दुर्गा ग्लास हाउस नारनौल के नाम पाया गया। इस फर्म का प्रोप्राइटर अंकित वासी शाहपुर अव्वल महेंद्रगढ़ है, साइबर पुलिस टीम ने फर्म श्री जय दुर्गा ग्लास हाउस नारनौल के जीएसटी रजिस्ट्रेशन नंबर को वैरिफाई करने के लिए के आबकारी एवं कराधान विभाग कार्यालय से रिकॉर्ड लिया गया। जिसमें फर्म का प्रोप्राइटर कामेश्वर प्रशाद शर्मा वासी बड़कोदा महेंद्रगढ़ है व फर्म का सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक में खाता पाया गया। अंकित का एक ओर बैंक खाता एक्सिस बैंक में पाया। जिसकी डिटेल प्राप्त करने खाता में कुल 300738 रुपयों का लेनदेन पाया गया। बैंक खाता की स्टेटमैंट में अंकित इन्टरप्राईजिज को भी ऑनलाइन पैसे ट्रांसफर किया जाना पाया गया। मामले की प्रारंभिक जांच में पुलिस ने अंकित ने फर्म श्री जय दुर्गा ग्लास हाउस नारनौल के नाम से इंडसइंड बैंक के खाता को धोखाधड़ी से खुलवाया और धोखाधड़ी से ही अंकित इन्टरप्राईजिज फर्म के नाम से एक्सिस बैंक में भी खाता खुलवाया। पूछताछ में उसने इंडसइंड बैंक के खाता को साइबर ठगों को देने बारे बताया। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



नारनौल। दाखिले के लिए कॉलेज में आए विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## यदुवंशी कॉलेज में प्रवेश के लिए लगी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

- विद्यार्थियों को समय-समय पर विभिन्न अधिकारियों की ओर से मोटिवेशनल सेमिनार भी मिलेगा

यदुवंशी डिग्री कॉलेज में प्रवेश प्रारंभ की सूचना मिलते ही यूजी कक्षाओं में प्रवेश लेने के लिए छात्र छात्राओं की लगी भीड़। प्राचार्य बजरंग लाल ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीजेएमसी, बीटेक कोर्स की सीमित सीटों पर प्रवेश प्रारंभ हो चुके हैं। बारहवीं कक्षा का रिजल्ट आते ही सभी विद्यार्थियों ने सीमित सीटों के लिए चेयरमैन स्कॉलरशिप के तहत रजिस्ट्रेशन के लिए विद्यार्थियों की लंबी लाइन लगी हुई है। उपप्राचार्या सोनल यादव ने बताया कि विद्यार्थियों को अपने साथ शैक्षणिक मूल प्रमाणपत्र और उनकी प्रतिलिपि, दो फोटो, परिवार पहचान पत्र अपने साथ लेकर आना है।

संस्था निदेशक सुरेश यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को समय-समय पर विभिन्न अधिकारियों की ओर से मोटिवेशनल सेमिनार भी मिलेगा। जिससे विद्यार्थी अपने करियर को सुनिश्चित दिशा प्रदान कर पाएंगे। डॉ. प्रदीप यादव ने विद्यार्थियों को सुचित करते हुए बताया कि सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ स्पोर्ट्स, विभिन्न प्रतियोगिताएं तथा प्रायोगिक व आधुनिक कक्ष कक्षाओं के साथ कंपटीशन की तैयारियों की कक्षाओं की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। यदुवंशी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन पूर्व विधायक राव बहादुर सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों के साल भर की पढ़ाई में हम बच्चों के माता पिता से संपर्क करते रहते है।



मंडी अटेली। पार्षद स्वास्थ्य मंत्री स्मृति भेंट करते नगर पार्षदगण। फोटो : हरिभूमि

## अटेली के पार्षदों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव से की मुलाकात

**मंडी अटेली।** अटेली नगर पालिका के वाइस चेयरमैन रामकिशन के साथ अटेली के पार्षदों ने स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के निवास चंडीगढ़ में मुलाकात कर विकास कार्यों के बारे में चर्चा की। इस मौके पर वार्ड नंबर एक से पार्षद शर्मिला के पति आनंद शर्मा ने बताया कि उनकी इस मुलाकात में स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अटेली के विकास में किसी प्रकार की कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। वहीं सभी पार्षद अपने-अपने वार्डों में लोगों की अपेक्षाओं पर खरा उतरते हुए पूरी ईमानदारी के साथ विकास की गति को आगे बढ़ाएं। अटेली के विकास को लेकर उनके पास धन की कमी नहीं है। सभी अपने वार्डों के लोगों से बातचीत कर विकास कार्यों के बारे में चर्चा करें। इस मौके पर वार्ड नंबर एक से पार्षद शर्मिला देवी के पति आनंद शर्मा, वार्ड नंबर आठ से अंशुल गोयल, वार्ड नंबर 11 से मनफूल यादव, वार्ड नंबर 12 से वाइस चेयरमैन रामकिशन जांगिड़ मौजूद रहे।

## मिड डे मील वर्कर्स ने की सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

मिड डे मील कार्यकर्ता यूनियन हरियाणा सम्बंधित एआईयूटीयूसी ब्लॉक नारनौल की बैठक वीरवार को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रधान माया देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसका संचालन अजीता ने किया। बैठक को एआईयूटीयूसी के जिला प्रधान मास्टर सुबेसिंह ने सम्बोधित किया तथा मिड डे मील कार्यकर्ताओं की प्रदेश स्तरीय रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। बैठक में शारदा, सुनीता, देवेन्द्र कौर, सुशीला व सन्तोष ने कहा कि मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स को सरकार श्रमिक का दर्जा दिया जाए, तब तक सम्मानजनक जीने लायक मानदेय दिया जाए। इस अवसर पर ब्लॉक प्रधान माया देवी ने कहा कि मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स की सन्तोषपूर्वक सेवाओं को देखते हुए सरकारी कर्मचारी का दर्जा दिया जाए। बैठक में ब्लॉक की मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स ने मिड डे मील कार्यकर्ताओं की पानीपत में पांच जून को होने वाली प्रदेश स्तरीय रैली में बढ़ चढ़कर भाग लेने का निर्णय लिया। मिड डे मील कार्यकर्ताओं की होने वाली पांच जून की रैली में मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स को सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने, तब तक न्यूनतम वेतन लागू करने, साल में 10 महीने कि बजाय 12 महीने का वेतन देने, वेतन हर माह सात तारीख तक भुगतान करने, स्कीम वर्कर्स को सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाकर पेंशन योजना व इलाज की सुविधा उपलब्ध करवाने, ड्रेस की राशि दो हजार रुपये करने, स्कूल बन्द होने की स्थिति में पास के स्कूल में समायोजन करने, रिटायरमेंट पर एकमुश्त पांच लाख रुपये देने, मिड डे मील कुक कम हेल्पर्स को लगाने व हटाने की नीति बनाने व यूनियन की राज्य महासचिव कुसुम पांचाल को अविलंब बहाल करने की मांग की जएगी।



नारनौल। मांगों को लेकर नारेबाजी करती मिड डे मील वर्कर। फोटो : हरिभूमि



कनीना। गुढ़ा में मशीनों से गिराए गए हरे पेड़। फोटो : हरिभूमि

## वन विभाग के अधिकारियों की सुस्ती पड़ रही पेड़ों पर भारी

**कनीना।** वन विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों की सुस्ती के कारण वन माफिया की ओर से क्षेत्र में तेजी से हरे पेड़ों पर आरी चलाई जा रही हैं। जिससे पर्यावरण दूषित होने का खतरा लगातार मंडराता जा रहा है। कनीना खंड के विभिन्न गांवों मोहनपुर, नांगल, गुढ़ा, रसूलपुर, सुंदरह, पाथेड़ा, सेहलंग, खेड़ी, भोजावास, पड़तल, मोड़ी आदि के खेतों से मशीनों से पहले पेड़ों को गिराया जाता है, उसके बाद इलेक्ट्रॉनिक आरी से मात्र कुछ समय में साफ कर दिया जाता है। कुछ आंधी बारिश के मौसम में पेड़ टूट जाते हैं तो दूसरी तरफ ग्रामीण जानबूझकर पेड़ों को गिराकर रातोंरात आरामशीनों पर भेज रहे हैं। अनेक गांवों से दर्जनभर ट्रालियां व पिकअप हरे पेड़ों के कटान से लदकर क्षेत्र की विभिन्न आरामशीनों पर पहुंच रही हैं। पेड़ों को बचाने के हिमायती वन विभाग के कर्मचारी पेड़ कटाई करने वाले स्थानों के आसपास तक दिखाई नहीं देते। एडवोकेट वीरेंद्र सिंह बोस, मनोज कुमार, विनोद कुमार, मोती कुमार ने वन विभाग के कर्मचारियों पर मिलीभगत का आरोप लगाया है।

# हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय व एचएयू हिसार के बीच हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय और चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह समझौता दोनों संस्थानों के बीच स्नातकोत्तर अनुसंधान, संकाय प्रशिक्षण और वैज्ञानिक संसाधनों की साझेदारी में व्यापक सहयोग को सक्षम बनाएगा। इस समझौता ज्ञापन पर हकेंवि की ओर से कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार तथा सीसीएसएचएयू पोस्ट ग्रेजुएट स्टडीज के डीन डॉ. केडी शर्मा ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान सीसीएसएचएयू के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज की उपस्थिति रही। समारोह में हकेंवि के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ (आईक्यूएसी) के निदेशक प्रो. सुरेंद्र सिंह भी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि यह समझौता एक दूरदर्शी शैक्षणिक साझेदारी का प्रतीक है जो नवाचार और अंतर्विषयक अनुसंधान को प्रोत्साहित करेगा। दोनों संस्थानों की विशिष्ट क्षमताएं इस सहयोग को एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बनाएंगी। सीसीएसएचएयू कुलपति प्रो. बीआर कम्बोज ने कहा कि एक केंद्रीय विश्वविद्यालय और एक कृषि विश्वविद्यालय के बीच यह सहयोगात्मक पहल बहुविषयक अनुसंधान के माध्यम से वास्तविक समस्याओं के समाधान की दिशा में एक दूरदर्शी कदम है। यह समझौता विद्यार्थियों, शोधार्थियों और कृषक समुदाय के लिए लाभदायक साबित होगा। समकुलपति प्रो. पवन कुमार शर्मा ने कहा कि इस प्रकार के रणनीतिक सहयोग शैक्षणिक विस्तार और विद्यार्थी विकास के नए मार्ग खोलते हैं। हम इस साझेदारी से ठोस परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है। कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार ने कहा कि यह समझौता संस्थागत समन्वय और प्रशासनिक दक्षता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है जो न केवल संकाय सदस्यों और शोधकतार्ओं को लाभान्वित करेगा, बल्कि राज्य के शैक्षणिक विकास में भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



महेंद्रगढ़। समझौता ज्ञापन हस्तांरित करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार व एचएयू के डॉ. केडी शर्मा।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर सीसीएसएचएयू कुलसचिव डॉ. पवन कुमार, ओएसडी डॉ. अतुल ढींगरा, मीडिया सलाहकार डॉ. संदीप आर्य, मानव संसाधन प्रबंधन (डीएचआरएम) के सहायक निदेशक डॉ. अनुराग, डीन रिसर्च डॉ. राजबीर गर्ग और सीसीएसएचएयू के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## पूर्व मंत्री के बयान को लेकर दो जून को आंबेडकर चौक पर करेंगे बैठक

**महेंद्रगढ़।** भाजपा के कद्दावर नेता ने गत दिवस भिवानी में दिए बयान को लेकर राजपूत समाज के लोगों में रोष व्याप्त हैं। समाज के लोग पूर्व सरपंच अजीत सिंह तोमर, समाजसेवी रूद्रपाल, सरपंच रतन सिंह, रविंद्र सिंह, अधिवक्ता मनोज खुडाना ने कहा कि भाजपा पार्टी को राजपूत समाज शत-प्रतिशत मतदान करता है, बावजूद इसके एक बड़े नेता द्वारा समाज को अप्रत्यक्ष रूप से आतंकवादी बताना राजपूत समाज को नीचा दिखाने के बराबर है। समाज के लोग पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा व भाजपा के खिलाफ जनआंदोलन की तैयारी में हैं। प्रदेश व इलाके के सामाजिक लोग इकट्ठे होकर इस पर विचार करेंगे और भाजपा को लिखित में ज्ञापन देंगे कि इस तरह के असहनीय जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करने वाले नेताओं को पार्टी से निष्कासित किया जाए। अथवा सार्वजनिक रूप से माफीनामा लिखवाया जाए। इस प्रकार की अनेक बातों पर विचार करने के लिए महेंद्रगढ़ का राजपूत समाज व सर्व समाज से अपील करता है कि आंबेडकर चौक के पास एकत्रित होकर दो जून को सुबह 10 बजे एक मीटिंग का आयोजन करेंगे। इसके बाद महाराणा प्रताप चौक पर विरोध प्रदर्शन भी किया जाएगा।